‘ महेश नवमी ’ की हार्दिक शुभकामनाऐं

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की सुगंधा ग्राम विकास समिति के द्वारा ‘ महेश नवमी ’ पर देशव्यापी शीतल पेय वितरण का अभूतपूर्व आयोजन

माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस ‘ महेश नवमी ’ पर पूरे भारत में माहेश्वरी समाज को एक ठोस और सार्थक पहचान हेतु अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की सुगंधा ग्राम विकास समिति के द्वारा शीतल पेय वितरण का अभूतपूर्व आयोजन किया गया. यह पुण्य कार्य को अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमती कल्पना गगडानी और सुगंधा समिति प्रभारी श्रीमती पुष्पा तोष्नीवाल (पुणे) के अतुलनीय मार्गदर्शन और अथक सहयोग से अनुपम रुप से संपन्न हुआ. साथ ही सुगंधा समिति की सभी अंचलो की संयाजिकाओं श्रीमती नीलम सारडा (चेन्नई) दक्षिणांचल, श्रीमती नीना भंडारी (पुसद) मध्यांचल, श्रीमती रत्ना जाजू (नांदेड़) पूर्वांचल , श्रीमती प्रेम बल्दुआ (राजसमंद) उत्तरांचल, श्रीमती मनोरमा काल्या (गुलाबपुरा) पश्चिमांचल ने भी अपने अपने अंचलों के प्रदेशों के अध्यक्षों और साथी सदस्य बहिनों के हजारों की संख्या में सहयोग के लिये उठे हाथों का साथ लेकर इस वृहत कार्य को इतनी सफलतापूर्वक संपन्न किया.

प्रथम बार पूरे देश में एक साथ आयोजित हुए इस कार्यक्रम में लगभग 497 ग्रामीण और शहरी स्थानों पर तपती दुपहरी में लगभग 4 लाख 80000 हजार गिलास शीतल जल या छाछ या शर्बत या गन्ने का रस या शिकंजी या कैरी का पना या आइसक्रीम या कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया.

इस आयोजन में भाग लेने वाले स्थान इस प्रकार रहे-

१- दक्षिणांचल- १. तमिलनाडू,केरल एवं पांडिचेरी प्रदेश - चेन्नई, सेलम, चेंगलपेठ ,पांडिचेरी, ईरोड, कालीकट, कोयम्बटूर,इरनाकुलम आदि

२. कर्नाटक एवं गोआ प्रदेश - बेंगलूरु,बागलकोट, मेहसूर, विजयपुर, हुबली, बरहटटी, तेलदाल, दांडेली, गुलबर्गा, गदग, इलकल, गुलेदगुड़, बेल्लारी आदि

३. आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना - हैदराबाद, बड़ी चावड़ी, मानकोटा एवं २४ और स्थान

४. महाराष्ट्र प्रदेश - नासिक,जलगांव, नांदुरा, शेगांव, भंडारा, इंरडोल, कसोदा, पिम्पराला, चिपलून, परभणी, कर्जत, खानदेश, सतारा, पिंपरी चिचवाड, मालेगांव, कोल्हापुर, जयसिंगपुर, जलगांव, पालधी, अडावद, चालीसगांव, अमलनेर, भुसावल, पिंपराल, नंदुरबार, पनवेल, भयंदर, वसई, त्रयम्बकेश्वर गांव, अहमदनगर, जालना, नांदेड़, खपोली, येवला, पूणे आदि सभी जिले

२- मध्यांचल- १. विदर्भ प्रदेश - यवतमाल, भंडारा, वाशिम, पूर्णा, पूसद, ढेकालेगांव आदि

२. मध्यप्रदेश - हरदा, कटनी, शिवपुरी, गुना, मंदसौर, दालौदा, खंडवा एवं १४ अन्य स्थान

३. गुजरात प्रदेश - जामनगर, छोटाउधपुर, आनंद, कपड़गंज, दाहोद, बड़ौदा, सूरत, भटार, टेनमेंट, अहमदाबाद, बाडज, अखबार नगर, वाडेचा, सिलवासा, राजकोट, मेहसाना, वलसाड, वापी, उमरगांव एवं २० अन्य स्थान

३- पश्चिमांचल - राजस्थान प्रदेश - गुलाबपुरा, कांकरोली, श्री गंगानगर, राजसमन्द एवं १३ स्थान

४- पूर्वांचल - १. प.बंगाल प्रदेश - वृहतर कोलकता, महमूद नगर, २४ परगना, चंडीगड एवं 9 अन्यस्थान

२. आसाम प्रदेश - जोरहाट, गुवाहाटी, शोलाघाट, बंगाई गांव, बरपेटारोड, सिलचर, नवगांव, देरगांव, टीटाबर, तेजपुर,शिवसागर,सुल्तानबाजार नोर्थ लखिमपुर, हेलाकाधी, सम्बलपुर आदि

३. नेपाल देश - ४ स्थानों पर

५- उत्तांचल - उत्तर प्रदेश - आगरा, कासगंज, अलीगढ़, हापुड़, मेरठ, मोदीनगर, मीरापुर, वाराणसी आदि

इन सभी स्थानों मे १ से लेकर ३० तक की संख्या में हमारी माहेश्वरी बहिनों नें टोलियां बनाकर इस वितरण कार्य को किया. विशेषकर बच्चों के ग्रीष्माकालीन अवकाश होने के कारण बच्चों ने भी इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लिया. साथ ही हर स्थान पर समाज के हर आयु वर्ग के लोगों ने भी इस विशाल आयोजन में महिलाओं को पूर्ण सहयोग दिया.

सुगंधा ग्राम विकास समिति के द्वारा ' महेश नवमी ' पर देशव्यापी शीतल पेय वितरण

सुगंधा ग्राम विकास समिति के द्वारा ' महेश नवमी ' पर देशव्यापी शीतल पेय वितरण

जय महेश
सुगन्धा समिति की तरफ से सबको इस अप्रतिम सहयोग के लिये नमन एवं हार्दिक धन्यवाद